भक्ति सेवा में उन्नति की इच्छा रखने वालों के लिए महत्वपूर्ण त्योहारों और व्रतों का विवरण।

आनंद धाम गौड़ीय आश्रम, परिक्रमा मार्ग, कैमार वन, वृंदावन–281121

श्री रंगनाथ गौड़ीय मठ, हेसरघट्टा, बेंगलुरु–560088

वेबसाइटः www.purebhakti.com ईमेलः vishnudaivata@gmail.com मोबाइलः 9834779968

12 अप्रैल 2025 (शनिवार)	पूर्णिमा। श्रीश्रीकृष्ण की बसन्त रास। श्रीश्रीबलदेवजी की रासयात्रा। श्रीश्रील वंशीवदनानन्द ठाकुर एवं श्रीश्रील श्यामानन्द प्रभु का आविर्भाव।
14 अप्रैल 2025 (सोमवार)	श्रीकेशव–व्रत आरम्भ। तुलसीजी में जलधरा प्रदान।
24 अप्रैल 2025 (गुरुवार)	वरुथिनी एकादशी–उपवास। कल (शुक्रवार) सूर्योदय के बाद एवं सुबह 08.08 से पहले पारण।
27 अप्रैल 2025 (रविवार)	वैशाख अमावस्या। श्रीश्रील गदाधर पण्डित गोस्वामी का आविर्भाव। श्रीश्रील शुकदेव गोस्वामी जी का आविर्भाव।
30 अप्रैल 2025 (बुधवार)	अक्षय–तृतीया। श्रीश्रीजगन्नाथदेव की 21 दिवस–व्यापी चंदनयात्रा आरम्भ।
6 मई 2025 (मंगलवार)	श्रीनित्यानन्द–शक्ति श्रीजाह्नवा देवी एवं श्रीराम–शक्ति श्रीसीता देवी का आविर्भाव। श्रीमधु पण्डित का तिरोभाव।
8 मई 2025 (गुरुवार)	मोहिनी एकादशी–उपवास। कल (शुक्रवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 9.24 से पहले पारण।
11 मई 2025 (रविवार)	श्रीश्रीनृसिंह–चतुर्दशी व्रत उपवास। कल (सोमवार) पूर्वाह्न (सुबह) 9.23 से पहले पारण। संध्या तक कुछ भी ग्रहण न करें। उसके उपरान्त केवल एकादशी अनुकल्प प्रसाद स्वीकार करें।
5 मई 2025 (गुरुवार)	श्रीकेशव–व्रत समाप्त।
23 मई 2025 (शुक्रवार)	अपरा एकादशी–उपवास। कल (शनिवार) सूर्योदय के बाद एवं पूर्वाह्न (सुबह) 9.22 से पहले पारण।
7 जून 2025 (शनिवार)	व्यञ्जुली महाद्वादशी उपवास। अल्प द्वादशी। कल (रविवार) सूर्योदय के बाद एवं प्रातः 07.12 से पहले पारण।
9 जून 2025 (सोमवार)	श्रीपाट पानिहाटि में श्रीश्रील रघुनाथदास गोस्वामी जी द्वारा प्रदत्त दही–चिड़वा महोत्सव।
11 जून 2025 (बुधवार)	श्रीश्रीजगन्नाथदेव की स्नान यात्रा। पूर्णिमा।
22 जून 2025 (रविवार)	योगिनी एकादशी–उपवास। कल (सोमवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 09.25 से पहले पारण।
26 जून 2025 (गुरुवार)	श्रीश्रीजगन्नाथदेव का गुण्डिचा मन्दिर मार्जन।
27 जून 2025 (शुक्रवार)	श्रीश्रीजगन्नाथदेव की रथयात्रा।
5 जुलाई 2025 (शनिवार)	श्रीश्रीजगन्नाथदेव की पुनर्यात्रा।

6 जुलाई 2025 (रविवार)	शयन एकादशी–उपवास। कल (सोमवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 09.28 से पहले पारण।
10 जुलाई 2025 (गुरुवार)	गुरु पूर्णिमा। श्रील सनातन गोस्वामी प्रभु का तिरोभाव। चातुर्मास्य के प्रथम मास का आरंभ। एक महीने तक शाक, हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन न करें।
21 जुलाई 2025 (सोमवार)	कामिका एकादशी–उपवास। कल (मंगलवार) सूर्यादय के बाद एवं प्रातः 06.12 से पहले पारण।
5 अगस्त 2025 (मंगलवार)	श्रीश्रीराधा गोविन्द जी की झूलन यात्रा आरम्भ। पवित्रारोपणी एकादशी–उपवास। कल (बुधवार) सूर्योदय के बाद एवं पूर्वाह्न (सुबह) 09.33 से पहले पारण।
9 अगस्त 2025 (शनिवार)	श्रीश्रीबलदेव जी का आविर्भाव उपवास। मध्याह्न तक उपवास रखें और फिर एकादशी का अनुकल्प प्रसाद स्वीकार करें। कल (रविवार) सूर्योदय के बाद एवं पूर्वाह्न (सुबह) 09.33 से पहले पारण। पूर्णिमा। श्रीश्रीराधागोविन्दजी की झूलनयात्रा समाप्त। रक्षा बन्धन।
16 अगस्त 2025 (शनिवार)	श्रीश्रीकृष्ण–जन्माष्टमी व्रत–उपवास। मध्यरात्रि तक उपवास रखें और फिर एकादशी का अनुकल्प प्रसाद स्वीकार करें। कल (रविवार) सूर्योदय के बाद एवं पूर्वाह्न (सुबह) 09.34 से पहले पारण।
17 अगस्त 2025 (रविवार)	श्रीनन्दोत्सव। इस्कॉन संस्थापक–आचार्य श्रीश्रील प्रभुपाद–अनुकम्पित त्रिदण्डिस्वामी ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशत श्री श्रीमद् भक्ति वेदान्त स्वामी महाराज जी का आविर्भाव।
19 अगस्त 2025 (मंगलवार)	अन्नदा एकादशी उपवास। कल (बुधवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं प्रातः 09.33 से पहले पारण।
30 अगस्त 2025 (शनिवार)	श्रीललिता सप्तमी। श्रीमती ललिता–सखी का आविर्भाव दिवस।
31 अगस्त 2025 (रविवार)	श्रीश्रीराधाष्टमी व्रत। (श्रीमती राधाराणी का आविर्भाव दोपहर 12 बजे)
4 सितम्बर 2025 (गुरुवार)	श्रवणा–महाद्वादशी / विजया महाद्वादशी एवं श्रीवामन–द्वादशी उपवास। कल (शुक्रवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं प्रातः 09.32 से पहले पारण।
5 सितम्बर 2025 (शुक्रवार)	ॐ विष्णुपाद श्रीश्रील सच्चिदानन्द भक्तिविनोद ठाकुर का आविर्भाव।
7 सितम्बर 2025 (रविवार)	पूर्णिमा। श्रीश्रीविश्वरूप महोत्सव। पूर्णग्रास चन्द्रग्रहण। भारत में दृश्य। रात्रि 9.57 से रात्रि 01.27 तक। ग्रहण के समय जागते रहें और हरि–नाम संकीर्तन करें। चातुर्मास्य का तीसरा मास प्रारंभ, एक महीने तक दूध का सेवन वर्जित।
17 सितम्बर 2025 (बुधवार)	इन्दिरा एकादशी–उपवास।; कल (गुरुवार) सुबह 07.10 से 9.30 के मध्य पारण।
2 अक्तूबर 2025 (गुरुवार)	विजयदशमी। जगद्गुरु श्रीश्रील मध्वाचार्य जी का आविर्भाव।
3 अक्तूबर 2025 (शुक्रवार)	पापांकुशा एकादशी–उपवास। कल (शनिवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं प्रातः 09.28 से पहले पारण।
7 अक्तूबर 2025 (मंगलवार)	पूर्णिमा। चातुर्मास्य का चौथा मास प्रारंभ। श्रीराधाकृष्ण की शारदीय रासयात्रा। पूर्णिमा आरम्भ पक्ष से कार्तिक व्रत, दामोदर व्रत, ऊर्ज्जाव्रत व नियम सेवा आरम्भ। एक महीने तक तिल, सरसों के बीज, तिल का तेल, सरसों का तेल, बैंगन, टमाटर, लौकी, परवल, उड़द की दाल और शहद का सेवन वर्जित। श्रीमुरारी गुप्त जी का तिरोभाव। श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति के संस्थापक–आचार्य श्रील प्रभुपाद–अंतरंग–पार्षद आचार्य–भास्कर जगद्गुरु नित्यलीलाप्रविष्ट ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद् भक्तिप्रज्ञान

	केशव गोस्वामी महाराज जी का 57–वर्ष पूर्ति विरह–महोत्सव।
14 अक्तूबर 2025 (मंगलवार)	श्रीराधकुण्ड की प्राकट्य तिथि। बहुलाष्टमी। श्रीश्रील गदाधर दास ठाकुर जी का तिरोभाव।
17 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार)	रमा एकादशी व्रतोपवास। कल (शनिवार) सूर्योदयके बाद और सुबह 9:28 से पहले पारण।
19 अक्तूबर 2025 (रविवार)	यम–दीपदान। (घी या तेल के दीपक का यम धर्मराज को अर्पण।)
22 अक्तूबर 2025 (बुधवार)	पूर्वाह्न (सुबह) में श्रीगोवर्धन पूजा, अन्नकूट महोत्सव। गो–पूजा।
24 अक्तूबर 2025 (शुक्रवार)	श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति के प्राक्तन सभापति–आचार्य नित्यलीलाप्रविष्ट ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद् भक्तिवेदान्त वामन गोस्वामी महाराज जी का 21–वर्ष पूर्ति विरह–महोत्सव।
29 अक्तूबर 2025 (बुधवार)	श्रीगोपाष्टमी एवं गोष्ठाष्टमी। गो–पूजा एवं गो–ग्रास दान।
1 नवम्बर 2025 (शनिवार)	उत्थान एकादशी उपवास। परमहंस श्रीश्रील गौरकिशोरदास बाबाजी महाराज का तिरोभाव एवं श्रीश्रील प्रभुपाद–अनुकम्पित त्रिदण्डिस्वामी श्रीमद् भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज जी का आविर्भाव। श्रीभीष्मपंचक। कल (रविवार) सुबह 08.25 से 09.29 के मध्य पारण।
5 नवम्बर 2025 (बुधवार)	पूर्णिमा। कार्तिक व्रत, दामोदरव्रत, ऊर्ज्जाव्रत, चातुर्मास्य व नियम सेवा समाप्त।
15 नवम्बर 2025 (शनिवार)	उत्पन्ना एकादशी उपवास। कल (रविवार) सुबह 10:15 के बाद पारण।
1 दिसम्बर 2025 (सोमवार)	गीता जयन्ती। मोक्षदा एकादशी–उपवास। कल (मंगलवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 09.40 से पहले पारण।
13 दिसम्बर 2025 (शनिवार)	नित्यलीलाप्रविष्ट ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिवेदान्त वामन गोस्वामी महाराजकी 104वीं आविर्भाव–तिथि—श्रीव्यासपूजा। परमाराध्यतम श्रील गुरुदेव नित्यलीलाप्रविष्ट ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिवेदान्त नारायण गोस्वामी महाराजका 15वाँ–वर्षपूर्त्ति विरह–महोत्सव।
15 दिसम्बर 2025 (सोमवार)	सफला एकादशी व्रतोपवास। कल (मंगलवार) सूर्योदयके बाद और सुबह 9:48 से पहले पारण।
30 दिसम्बर 2025 (मंगलवार)	पुत्रदा एकादशी–उपवास। कल (बुधवार) सुबह 06.45 से 9.55 के मध्य पारण।
14 जनवरी 2026 (बुधवार)	षट्तिला एकादशी उपवास। संक्रान्ति। गंगासागर स्नान। सूर्य दक्षिणायन समाप्त। कल (गुरुवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 10.00 से पहले पारण।
18 जनवरी 2026 (रविवार)	मौनी–अमावस्या। परमाराध्यतम श्रील गुरुदेव नित्यलीलाप्रविष्ट ॐ विष्णुपाद अष्टोत्तरशतश्री श्रीमद्भक्तिवेदान्त नारायण गोस्वामी महाराजकी 105वीं आविर्भाव–तिथिपूजा। श्रीव्यासपूजा–महोत्सव।
23 जनवरी 2026 (शुक्रवार)	बसंत पंचमी। गौर–शक्ति श्रीविष्णुप्रिया देवी जी का आविर्भाव। सरस्वती पूजा। श्रील पुण्डरीक विद्यानिधि, श्रील रघुनाथदास गोस्वामी एवं श्रील रघुनन्दन ठाकुर जी का आविर्भाव। श्रील विश्वनाथ चक्रवर्ती ठाकुर जी का तिरोभाव।
25 जनवरी 2026 (रविवार)	श्रीअद्वैत सप्तमी व्रतोपवास। महाविष्णु अवतार श्रीअद्वैताचार्य जी का आविर्भाव।दोपहर तक उपवास करें, तदुपरान्त केवल एकादशी का अनुकल्प प्रसाद स्वीकार करें। कल

	(सोमवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 10.02 से पहले पारण।
29 जनवरी 2026 (गुरुवार)	जया (भैमी) एकादशी उपवास। कल (शुक्रवार) सूर्योदय तथा श्री वराहदेव के अर्चन के बाद पूर्वाह्न (सुबह) 09.43 से पहले पारण।
31 जनवरी 2026 (शनिवार)	श्रीनित्यानन्द-त्रयोदशी उपवास। दोपहर तक उपवास करें, तदुपरान्त केवल एकादशी का अनुकल्प प्रसाद स्वीकार करें। कल (रविवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 10.02 बजे से पहले पारण।
4 फरवरी 2026 (बुधवार)	श्रीगौड़ीय वेदान्त समिति के प्रतिष्ठाता-नियामक श्रील प्रभुपाद-अंतरंग पार्षद आचार्य-भास्कर जगद्गुरु नित्यलीलाप्रविष्ट ॐ विष्णुपाद 108 श्री श्रीमद् भक्ति प्रज्ञान केशव गोस्वामी महाराज जी की 128-वर्ष पूर्ति आविर्भाव तिथि पूजा एवं श्रीव्यास पूजा महोत्सव।
6 फरवरी 2026 (शुक्रवार)	जगद्गुरु परमहंस स्वामी वैष्णवाचार्य-कुलशिरोमणि ॐ विष्णुपाद 108 श्री श्रीमद् भक्तिसिद्धान्त सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद जी की 152-वर्ष पूर्ति आविर्भाव तिथि-पूजा एवं श्रीश्रीव्यास पूजा महोत्सव।
3 फरवरी 2026 (शुक्रवार)	विजया एकादशी व्रत। कल (शनिवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 10.00 से पहले पारण।
6 फरवरी 2026 (सोमवार)	श्रीशिव चतुर्द्दशी व्रत। कल (मंगलवार) सूर्योदय के उपरान्त एवं सुबह 09.59 से पहले पारण।
26 फरवरी 2026 (गुरुवार)	श्रीनवद्वीप धाम परिक्रमा आरंभ।
27 फरवरी 2025 (शुक्रवार)	आमलकी एकादशी उपवास। कल (शनिवार) सूर्योदय के बाद एवं सुबह 09.55 से पहले पारण।
3 मार्च 2026 (मंगलवार)	कलियुग पावन अवतारी श्रीश्रीगौरांग महाप्रभु जी का शुभ आविर्भाव। श्रीगौर पूर्णिमा। श्रीगौर जयन्ती व्रतोपवास। संकीर्तन महोत्सव। श्रीश्रीराधाकृष्ण की दोल-यात्रा। चन्द्रोदय तक उपवास करें, उसके बाद केवल एकादशी अनुकल्प स्वीकार करें। चंद्र ग्रहण शाम 6:34 बजे से 6:47 बजे तक (13 मिनट तक)।
4 मार्च 2026 (बुधवार)	सूर्योदय के उपरान्त एवं पूर्वाह्न (सुबह) 9.54 से पहले पारण। श्रीश्रीजगन्नाथ मिश्र जी का आनन्दोत्सव।

श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानन्द, श्री अद्वैत गदाधर श्रीवासादि गौर भक्त वृन्द।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे॥

<u>व्रत के दिन प्रातःकाल के निर्देशः</u> (1) अपनी तर्जनी अंगुली से फिटकरी पाउडर के द्वारा अपने दांतों को साफ करें। (2) अपने मुँह को पानी से धोकर कुल्ला कर लें। (3) मध्याह्न तक कुछ भी ग्रहण न करें, तदुपरांत एकादशी अनुकल्प का सेवन करें।

<u>दोपहर का आहारः</u> (1) केवल फल जैसे केले या पपीते का सेवन करें। (2) आप उबली हुई मूंगफली, उबले हुए आलू या उबले हुए शकरकंद भी ले सकते हैं। (3) अदरक और काली मिर्च का उपयोग किया जा सकता है।

<u>प्रतिबंधः</u> (1) सेंधा नमक, चीनी या गुड़ का उपयोग न करें। (2) अनाज, दालें, सेब, ड्रैगन फल, साबूदाना, श्यामा चावल (वराई या मोराई), गाजर, रिफाइंड तेल और बाजार में बिकने वाला घी न लें। (3) उपवास के दिन भगवान् श्रीकृष्ण को भोग लगाने तुलसी के पत्तों का प्रयोग कर सकते हैं। लेकिन निवेदित तुलसी के पत्ते एकादशी के दिन चबाना निषिद्ध है।

<u>उपवास के पारण करने का समयः</u> व्रत के अगले दिन निर्धारित समय के भीतर भगवान श्रीकृष्ण के अन्न महाप्रसाद को ग्रहण करके उपवास का पारण करें।